
# Bhasha-Sahitya Vaibhav

# ভাষা-সাহিত্য বৈভৱ

*Editors*

Dr. Gitartha Goswami | Dr. Neeva Rani Phukan
Mr. Devoraj Mili



# Bhasha-Sahitya Vaibhav

# ভাষা-সাহিত্য বৈভৱ

**Editors**

Dr. Gitartha Goswami
Dr. Neeva Rani Phukan
Mr. Devoraj Mili

PURBAYON
publication

**Bhasha-Sahitya Vaibhav**
A collection of articles on various issues related to Indian Language and Literature viewed from an interdisciplinary perspective, jointly edited by Dr Gitartha Goswami, Dr. Neeva Rani Phukan and Devoraj Mili and published by Purbayon Publication, Panbazar, Guwahati-1

First Edition ঃ, October, 2019 ₹ 300/-

# Bhasha-Sahitya Vaibhav

# ভাষা-সাহিত্য বৈভৱ

**First Edition:**
October, 2019

**ISBN :** 978-93-88593-22-9

**Copyright:**
Editor

**Price:** 300/-

**Cover design :**
Sanjib Bora

**Published by:**
Purbayon Publication
Jaswanta Road, Near Panbazar Aadarsha Prathamik Vidyalaya
Panbazar, Guwahati- 1, Assam
Email-purbayonindia21@gmail.com
website: purbayonpublication.com
Contact No. +91- 9864422157

Since the articles of this book are collected from individual authors, the responsibility for the facts, views, conclusion and plagiarism, if any in this book is entirely that of the authors. The editors and the publisher bear no responsibility for that.

## Editorial Board

### Editors
Dr. Gitartha Goswami
Dr. Neeva Rani Phukan
Mr. Devoraj Mili

### Members
Dr. Nirod Gohain
Dr. Mausumi Goswami
Dr. B. Vijaykumar
Dr. Ratnadip Purkayastha
Dr. Manoj Kumar Swami
Dr. Mridula Kashyap
Mr. Mridul Basumatary

# From the Editorial Desk...

To define the unknown needs a lot of effort, perseverance and mental grit. Redefining the known has its own challenges as well. A researcher, in the process of scholastic pursuance, unveils numerous layers of thoughts or ideas already in existence or re-explores those with a new outlook. In this process new horizons are scaled and new dimensions are found. Such a novel endeavour has been made by a group of enthusiastic scholars belonging to different areas of language and literature. Equipped with thorough knowledge in their respective areas of study as well as long term teaching experience in colleges and universities, this enlightened group has brought out a compilation of research papers titled "Bhasha-Sahitya Vaibhav".

With the inclusion of Assamese, Bodo, Bangla, English, Hindi, Sanskrit and Tamil language and literature studies, this compilation endeavours to meet the queries of new emerging fields of study in relate to the languages and literatures cited above. As far as the study of Assamese literature is concerned it can be observed that inclusion of some Papers related to the study of Assamese fiction and drama may help an enthusiastic and curious reader to explore the realms of Assamese literature to a great extent. Gender issues and some of the contemporary issues have also made its way into Assamese fiction . Among the varied linguistic groups of Assam, the Bodo language and literature, which gradual evolution and development started way back at the beginning of the twentieth century, is now a flourishing language and literature with distinct features of its own. Papers deliberating on distinct aspects of Bodo literature have been included in this compilation, When Bangla literature is brought into discussion, it can be observed

that Kaviguru Rabindranath Tagore is one of the most prominent promoters of Bangla language, literature and culture. He is a great patriot as well. The lone research paper in Bangla, presenting the nationalist Rabindranath Tagore in the light of his much discussed work "Kalantor". depicts how this prominent voice of Bangla consciousness interprets Nationalism. A good number of Papers deliberating on varied aspects of English literature have enriched this compilation. A close scrutiny of the varied subjects discussed in these Papers shows that it has covered a wide range of relevant topics which includes the international, national as well as the regional. Topics ranging from Eco-criticism. Feministic studies, Linguistic Anthropology, Transculturalism and Ethnicity, Indian writing in English as well as topics on African American Identity has been an ideal field of exploration for the academic explorer as well as inquisitive scholars. Much can be extracted from these scholastic endeavours. When we divert our attention from the international arena to the national front, it will be observed that the Hindi literature has developed and it tries to minimize geographical boundaries within the nation through novel exploration and re-identifying topics of relevance in present literary context. Subaltern studies are one such novel attempt in Hindi literature. Moreover, some attempts are also been seen where Hindi, as a bridging component plays a magnificent as well as vital role in uniting regional literatures. One gets to observe such variety in this compilation.Sanskrit literature is nothing but a reflection of a grand heritage and tradition called Bharatiya Sabhyata-Sanskriti. Its grandness and richness lies in the fact that the qualities and aspects embedded in that literature are still relevant and new studies of rediscovering this rich literature has already begun. Studies of literature from the Southern part of India has found place in this compilation. The richness of Tamil literature can be explored through a Paper included in this academic compilation.

A researcher must be critical in his or her observation. At the same time it is also important that it is constructive criticism. A researcher has to re-explore, re-think and re-discover. Such an effort has been made by the investigators in this research Papers compilation. It is hoped that this compilation gives the inquisitive academician food for thought and novel ideas to carry forward many more efforts as such.

**Editors**

# Contents


- The Unique Characteristics of Tamil among the Classical Languages of the World
  *Dr.B.Vijayakumar* 11
- A Feminist Outlook on Mitra Phukan's A Full Night's Thievery
  *Bandana Baruah* 20
- Ecocriticism and Indian Literature: An Analysis
  *Barnali Baruah* 32
- Ethnicity and Literature: A Reading of Arupa Patangia Kalita's Selected Stories
  *Dr. Mridula Kashyap* 40
- Depiction of the Gruesome in Mamoni Raisom Goswami's Fiction
  *Dr. Neeva Rani Phukan* 48
- Environmental Consciousness in the Vedic Literature
  *Dr. Mausumi Goswami* 54
- Indian Writing in English and Seth's Travelogue: *From Heaven Lake*
  *Tejoswita Saikia* 58

- Transculturalism in *Patkair Ipare Mor Desh:* An Analysis
  *Dr. Gitartha Goswami* 70
- Reconstruction of Female Identity in *Deu Langkhui*
  *Rajiv Deka* 77
- The Quest for African American Identity in Ernest J Gaines' *In My Father's House*
  *Dr. Chandana Chetia* 87
- The China Syndrome: A Gendered Reading
  *Mrs. Jushna Baruah* 94
- Interdisciplinarity, Empowers Indian Second Language, English
  *Nirmali Mahanta Choudhury* 103
- An Ecocritical Study of Select Hmar Folktales
  *Mrs. Lalsangzuali Tuolor* 107
- Ecocriticism: an Interdisciplinary Study of language, literature and Environment
  *Sanjiv Swargiary* 111
- Some Aspects of Interdisciplinary Ideas Reflected in Monoranjan Lahary's Drama *Anari*
  *Mrinali Ramchiary* 116
- জ্যোতিপ্ৰসাদৰ গীতত দেশপ্ৰেম ঃ এটি অধ্যয়ন
  *হিমানী হাঁলৈ* 123
- সমাজ-ব্যৱস্থাত নাৰীৰ ভূমিকা
  *ড° বিভাৰাণী দাস* 129
- লক্ষ্মীনাথ বেজবৰুৱাৰ কবিতাত জাতীয়তাবাদ
  *দেৱৰাজ মিলি* 136
- মিচিং লোকগীতত অসমীয়া ভাষাৰ উপাদান ঃ এটি বিশ্লেষণ
  *ডঃ সংগীতা শইকীয়া* 142
- সৰ্বভাৰতীয় প্ৰেক্ষাপটত ছাবিন আলুন ঃ এটি আলোচনা
  *গীতা হাঞ্চেপী* 155
- অৰূপা পটঙ্গীয়া কলিতাৰ "পাছ চোতালৰ কথকতা" গল্পত নাৰীবাদী ভাৱধাৰা
  *গীতাৰ্থী বৰগোহাঁই* 163
- মাৰ্ক্সবাদৰ পোহৰত শংকৰদেৱ চৰ্চা ঃ এক সমীক্ষাত্মক অধ্যয়ন (হীৰেন গোহাঁই আৰু শিৱনাথ বৰ্মনৰ বিশেষ উল্লেখেৰে)
  *ড° নিৰোদ গোহাঁই* 170
- পৰম্পৰাগত কামৰূপৰ ঢুলীয়া সংস্কৃতি
  *মঞ্জু দাস* 179
- প্ৰেমচান্দৰ উপন্যাসৰ নাৰী চৰিত্ৰ ঃ এটি আলোচনা
  *নমিতা দাস গুৰুং* 186
- 'মহৰী' নাটকত প্ৰতিফলিত সমসাময়িক অসমৰ সমাজ জীৱন ঃ এক চমু আলোকপাত
  *ৰুমি দলৈ* 195
- मैहुर सल 'मायाव बेरखांनाय बर 'नि समाजारि सावगारि
  *मृदुल बसुमतारि* 199
- *কালান্তর*-এর রবীন্দ্রনাথ ঃ প্রসঙ্গ জাতীয়তাবাদ ও রাষ্ট্রচিন্তা
  *ড. রত্নদীপ পুরকায়স্থ* 204
- अंतर्विषयक–अध्ययन के संदर्भ में भाषा और साहित्य
  *डॉ: सुजित एन. तंपी* 213
- भारतीय कविता में दलित विमर्श
  *डॉ. मनोज कुमार स्वामी* 218
- हिन्दी और असमीया का तुलनात्मक अध्ययन – अव्ययों के संदर्भ में
  *डॉ॰ अब्दुल मान्नान* 223
- भारतीय भक्ति आंन्दोलन प्रमुख स्रोत आलवार कृत 'दिव्य प्रबन्धम्'
  *मीरा दास* 229

**सहायक ग्रन्थ सूची:**

1. प्रसाद, डॉ० वासुदेव नन्दन - आधुनिक हिन्दी व्याकरण और रचना, भारती भवन, पटना-2005।
2. बाहरी, डॉ० हरदेव- व्यवहारिक हिन्दी व्याकरण, लोकभारती प्रकाशन, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद, 2004।
3. तिवारी, डॉ० उदयनारायण - हिन्दी भाषा का उदगम और विकास, लोकभारती प्रकाशन, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद-2006।
4. तिवारी, डॉ० भोलानाथ- हिन्दी भाषा का इतिहास, किताब महल, 22 सरोजनी नायडू मार्ग इलाहाबाद, 2011
5. गोस्वामी, ड० गोलोक चन्द्र- असमीया व्याकरणर मौलिक विचार, वीणा लाइब्रेरी, गुवाहाटी, असम, 2004।
6. गोस्वामी, ड० गोलोक चन्द्र- असमीया व्याकरण प्रवेश, वीणा लाइब्रेरी, गुवाहाटी, 2003।

# भारतीय भक्ति आंन्दोलन प्रमुख स्रोत आलवार कृत 'दिव्य प्रबन्धम्'

मीरा दास

भारतीय भक्ति आंन्दोलन का बहुत ही महत्वपूर्ण इतिहास है। हिन्दी साहित्य के इतिहास में जो भक्ति साहित्य निर्मित हुआ है वह इस भक्ति आन्दोलन की ही देन है। भक्ति का यहरुप उस भक्तों का परिणाम है, जिसका नेतृत्व तामिल प्रदेश के वैष्णव भक्त आलवारों ने दिया था। जो बाद में एक व्यापक जन-आन्दोलन बन गया था। भारतीय भक्ति आन्दोलन एक विशाल वृक्ष है और आलवार भक्त उस वृक्ष की जड़े है। वृक्ष रुपी वैष्णव भक्ति आन्दोलन का पोषण आलवार कृत 'प्रबन्धम' से होता है। जिस प्रकार वृक्ष की शाखाएं चारी तरफ फैल जाती है, उसी प्रकार यह भक्ति आन्दोलन दक्षिण भारत से क्रमशः उत्तर तथा बाद में उत्तर-पुर्वाञ्चल तक फैल गया।

अंग्रेजी शब्द 'मूवमेंट' का अर्थ है कुछ व्यक्तियों या व्यक्ति समूहों द्वारा किसी विशेष उद्देश्य की उपलब्धि के लिए किया जाने वाला प्रयत्न 'आन्दोलन' शब्द भी यही अर्थ देता है। 'आन्दोलन' निरन्तर चलनेवाला हो सकता है तथा नई परिस्थिति का पूरा-पूरा ध्यान रखते हुए और प्रगति में सामजस्य स्थापित करने का अनवरत प्रयत्न करता रहता है। इसका उदाहरण आलवार भक्त से प्रारम्भ होनेवाला भक्ति आन्दोलन को ले सकते है जो बाद में दक्षिण भारत के बाद देश के अन्य भागों में फैल गया था। कुछ विद्वान यह भक्ति आन्दोलन का आरम्भ उपनिषद काल से मानते है, लेकिन इन आलवार भक्तों के काल से ही यथार्थ में वैष्णव भक्ति को 'आन्दोलन' का रुप प्राप्त होता है।

सहकारी अध्यापिका, हिन्दी विभाग, लक्षीमपुर वालिका महाविद्यालय

'आलवार' शब्द साधारणत उन द्वादश वैष्णव भक्तों के लिए प्रयक्त होता है जिनके पद "नालायिर दिव्य प्रवन्धम्" में संगृहीत है। 'आलवार' शब्द का एक अर्थ 'मग्न' होता है तथा दूसरा अर्थ "शासन करने वाला" से भी है। अर्थात आलवार शब्द से आशय उस व्यक्ति से है जो भागवद्‌भक्ति के मग्न रहते है। आलवार भक्तों के जीवन काल निश्चित नही है कारण इन भक्तों ने अपनी रचनाओं में अपने जीवनकाल का स्पष्ट उल्लेख नहीं दिया है। पांचवी छठी शताब्दी से लेकर नवीं शताब्दी तक के समय में वैष्णव भक्त आलवारों तक के समय में वैष्णव भक्त आलवारों नें जो भक्ति आन्दोलन चलाया उसमें ऐसे आकर्षक तत्व थे, जिनके कारण भक्ति आन्दोलन व्यापक जन-आन्दोलन का रुप धारण किया था। आलवारों ने वेद उपनिषद और गीता से विचार ग्रहण कर भक्ति का सरलतम रुप जन-सामान्य के सम्मुख रखा था। भजन कीर्तन, नामस्मरण आदि को भक्ति का साधन बनाकर भक्ति को ऐसा भावमूलक रुप दिया, जो उस युग के लिऐ बहुत ही अनुकूल था। आज भारतीय भक्ति आन्दोलन का जो स्वरुप दृष्टिगोचर होता है इसका पूरा श्रेय आलवार भक्तों को जाता है। आलवार कृत 'प्रवन्धम्' में भक्ति मार्ग को श्रेष्ठ बताकर शरणागति तत्त्व पर अधिक जोर दिया है। इनके द्वारा प्रचारित भक्ति आन्दोलन जन आन्दोलन का रुप इसलिए मिल सका कारण आलवारों ने जाति-पाति और उंच-नीच के भेद-भाव को मिटाकर सबको समान रुप से भक्ति-मार्ग में भाग लेने का अधिकार दिया था।

**आलवारों का क्रम संख्या तथा परिचय:**

आलवारों का क्रम किस प्रकार निर्धारित था तथा उनकी संख्या क्या थी इसका कोई प्रामाणिक आधार नहीं है। फिर भी इनकी संख्या १२ (12) मानी जाती है। वह इस प्रकार है-

| **तमिल नाम:** | **संस्कृत नाम:** |
|---|---|
| 1) पोयगै आलवार | सरोयोगी |
| 2) भूतत्तालवार | भूतयोगी |
| 3) पेयालवार | महाद्योगी |
| 4) तिरुमलिसई आलवार | भक्तिसार |
| 5) नम्मालवार | शठकीप |
| 6) मधुर कवि आलवार | मधुरकवि |
| 7) कुलशेखरालवार | कुलशेखर |
| 8) पेरिअयालवार | विष्णुचित्त |
| 9) आंडाल | गोदा |
| 10) तेंडरडीपोडी आलवार | भक्तध्रिरेणु |
| 11) तिरुप्पाण आलवार | यागीवाहन |
| 12) निरुमंगै आलवार | परकाल |



इनमें से प्रथम चार कवियों की प्राचीन बाद के पांच को मध्य तथा शेष तीन कवियों को अन्तिम काल माने जाते है। ये सभी आलवार भक्त तमिल प्रदेश के होने के कारण इनको तमिल नामों से ही जाने जाते है।

**1) पोयगै आलवार:**

आलवार भक्तों मे इनके 'आदि कवि' कहे जाते है। माना जाता है कि इनका जन्म कांचीपुरम् में 'तिरुवेह्' नामक तालाब में कमल पुष्प पर हुवा था। इनका जन्म चौथी शताब्दी माना जाता है। ये बचपन से ही बिष्णु के उपासक थे तथा योग इत्यादि का भी विशेष ज्ञान था। इनका जीवन बहुत ही सादा था। घूम-घूमकर वैष्णव भक्ति का प्रचार करते थे। पोयगै आलवार के एक सौ पद "मुखल तिरुवंनादि" के नाम से मिलते है। इनके पदों में भक्ति, उपदेश से सम्बन्धित है। 'दिल प्रवन्धम्' के 'इयर्पा' भारा मे इनके पद संगृहित है।

**2) भूतत्तालवार:**

इनका जन्म "मामल्लै" में हुआ है। इनका समय चौथी या पांचवी शती तथा पोयगै आलवार के समकालीन माने जाते है। कहा जाता है कि ये बाल्यावस्था से ही सन्त, पवित्र, निष्कलंक, ज्ञानी और श्रेष्ठ भगवत् अनुरागी थे। भूत-त्तालवार रचित सौ पद 'इरंटाम' के नाम से प्रबन्धम् के इयर्पा विभाग में संगृहीत है। भगवद गुण, भक्ति की महिमा, शरणागति आदि वर्ण्य बिषय है के साथ साथ कृष्ण की बाल लीला और प्रकृति का सुन्दर चित्रण किया है।

**3) पेयालवार:**

इनका जीवन काल विवाद का विषय रहा है। श्री सम्प्रदाय के लोग इन्हें विष्णु के खउग का अवतार मानते थे। विष्णु के परम भक्त होने के नाते सदा भ्रमण कर लोंगो को उपदेश देकर लोंगो के अज्ञान अन्धकार को दुर करते थे। इनका जीवन अत्यन्त सादा था और धन, कीर्ति आदि का मोह नहीं था। कहा जाता है इन्होने निरुमलिसइ आलवार जो शैव भक्त थ, उनको परम वैष्णव भक्त बना दिया था। इनके द्वारा रचित सौ पद"मूद्यम निरुवनादि" के नाम से 'प्रबन्धम' में संगृहीत हैं। भागवद्‌गुण, भक्ति की महिमा, शरणागति का वर्णन इसमें मिलते है, जो कठोर हृदय को भी द्रवित कर देते है।

**4) तिरुमलिसइ आलवार:**

इनका जन्म कांचीपुरम के तिरुमलिसई नामक ग्राम में हुआ था। ये प्रारम्भ में कट्टर

शैव थे और इनका नाम 'शिववाक्य' था। पैयालवार के साथ शास्त्रीय वाद-विवाद में हारने के बाद वे वैष्णव भक्त बन गये थे। इनकी रचनाओं में अन्य धर्म का खण्डन मिलता है। इनके दो रचनाएँ 'नानमुखन तिलुवन्तादि तथा तिरुचन्दविरुत्तम' 'प्रबन्धम्' में संग्रहीत मिलता है। भक्ति-मार्ग की श्रेष्ठता, भगवान के वात्सल्य, प्रेम आदि गुणों का वर्णन उनके काव्य में मिलते है जो भक्ति तथा उपदेशपरक है।

**5) नम्मालवार:**

दक्षिण भारत के भक्ति साहित्य में इनको सर्वाधिक महत्वपुर्ण स्थान दिया जाता है। इनका जन्म 'तिरुनेलवेली' जिले हुआ था। इनकी रचनाओं में तामिल साहित्य के परम्पराओं का निर्वाह हुआ है, साथ ही वेद, उपनिषद् तथा गीता का सार भरे परे है। नम्मालवार के चार ग्रन्थ 'दिव्य प्रबन्धम्' में मिलते है। उन ग्रन्थों में 'तिरुवायमोली' समस्त आलवार साहित्य में सबसे अधिक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। उनके ग्रन्थों में भक्ति, उपदेश, शरणागति, गुरु-महिमा आदि विषय वर्णित है।

**6) मधुर कवि आलवार:**

इनका जन्म तिरुकोइलूर में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। संस्कृत और तामिल दोनों भाषाओं में उनका अधिकार था। उनकी एक मात्र रचना 'कण्णिनुल चिरुतांबु' है जो "दिव्य प्रबन्धम" में संगृहीत है। श्रेष्ठ गुरु की आवश्यकता, गुरु के लक्षण भक्ति की आवश्यकता आदि विषयों की चर्चा की है।

**7) कुलशेखरालवार:**

चेरवंशीय राजा कुलशेखर का आलवार भक्तों में प्रमुख स्थान है। विभिन्न शास्त्रों और नाना कलाओं के साथ संस्कृत तथा तामिल दोनों भाषाओं में समान रुप से पाडित्य प्राप्त किया था। इनके नाम से दो रचनाएं मिलती है जो दिव्य प्रबन्धम् में संगृहीत है। उनके ग्रन्थ में सांसारिक माया-मोह के जाल से मुक्त होकर सर्वदा भगवान के गुण-गान करने का उपदेश दिया है।

**8) पेरियालवार:**

आलवारों में 'पेरियालवार' का विशिष्ट स्थान है। बचपन से ही वे विष्णु की उपासना करते थे। पेरियालवार द्वारा रचित पद 'दिव्य प्रबन्धम्' के प्रथम भाग में है। कवि ने इनके पदों में विष्णु के विभिन्न अवतारों का तथा सदा भगवत भक्ति में लीन रहने का उपदेश दिया है। इनके कुछ पदों में राम कथा के कुछ प्रसंगों का भी वर्णन मिलता है।

**9) आंडाल:**

वैष्णव संत कवियत्री आंडाल भक्ति-साहित्य में एक विशिष्ट स्थान है। आंडाल श्री विल्लीपुत्तर निवासी विष्णुचित्त की पोष्य पुत्री थी। आंडाल महान भक्तिन होने के



साथ ही उच्चकोटि की कवियत्री भी है। इनके दो प्रसिद्ध रचनाएँ 1) तिरुप्पावै 2) नाच्चियार, तिरुमोली 'दिव्य प्रबन्धम्' में संगृहीत है। इन रचनाओं के द्वारा तमिल जनता बहुत प्रभावित हुआ है।

**10) तोंडरडीपोडी आलवार:**

तोंडरडीपोडी आलवार का जन्म चोल राज्य में कावेरी नदी के नट पर स्थित तिरुमंडनकुडी नामक गांव में हुआ था। तमिल और संस्कृत दोनों भाषाओं में पर्याप्त पांडित्य प्राप्त किया था। ये अपने को भागवान के दासों का दास कहना पसन्द करते थे तथा भक्तों की सेवा को ही भगवान के सेवा मानते थे। इनके दो रचनाएँ उपलब्ध है। उनके ग्रन्थ में उत्कृष्ट भक्ति-भावना के साथ काव्य-सोन्दर्य झलकता है। उनके पद प्रात:काल होने की सूचना देने वाले है तथा प्रातः कालीन वाटावरण का सुन्दर चित्रण है।

**11) तिरुप्पाण आलवार:**

इनको जन्मस्थान श्रीरंगम के दक्षिण भाग में कावेरी नदी के किनारे पर उरेयर गांव है। जनश्रुतियों के अनुसार ये बचपन से ही गायन विद्या में निपुण थे। इन्होंने तमिल और संस्कृत दोनो भाषाओं में पर्याप्त ज्ञान प्राप्त था। 'अमलनादि पिरान' तिरुप्पाण आलवार का एकमात्र रचना है जहाँ प्रत्येक पद में विष्णु की विभिन्न लीलाओं का वर्णन है।

**12) तिरुमंगै आलवार:**

आलवार परम्परा में निरुमंगै आलवार अन्तिम आलवार माने जाते है। इनका जन्म 'तिरुकुरैयलूर' नामक स्थान पर हुआ था। ये युद्ध कला में निपुण होने के साथ साथ संगीत, नृत्य, नाटक, काव्य कलाओं में भी प्रारंगत थे। आलवार भक्तों में इन्हें सबसे अधिक साहित्यिक मर्मज्ञ माने जाते है। संख्या की दृष्टि से 'दिव्य प्रबन्धम्' में संगृहीत पदों में सबसे अधिक पद इन्ही के है। उनके कुल 'छ' कृतिया है, जो 'वेदांग' नाम से जाने जाते है।

**प्रमुख स्रोट: प्रबन्धम्:**

दक्षिण भारत में छठी शताब्दी से लेकर नवीं शताब्दी तक के समय में भक्ति-आन्दोलन के दर्शन होते है, इनका श्रेय आलवार भक्तों को जाता है। इन्ही के कारण भारत की विभिन्न भाषाओं में भक्ति-साहित्य का निर्माण हुआ। आलवारों का भक्ति-साहित्य 'दिव्य प्रबन्धम' भक्ति आन्दोलन का मूल ग्रन्थ उदरता है। भारतीय भक्ति आन्दोलन को अन्य स्रीतों ने भी प्रभावित किया, लेकिन 'प्रबन्धम्' को जो प्रभाव इस आन्दोलन पर पड़ा वह निर्विवाद है। यह ग्रन्थ भक्ति-साहित्य के इतिहास में एक बहुमुखी

प्रभावशाली भक्ति ग्रन्थ सिद्ध हुवा है। 'प्रबन्धम्' के भक्ति दर्शन ने वैष्णव भक्त को प्रभावित किया तथा भक्ति आन्दोलन को देश व्यापी बना दिंया, साथ ही भक्ति साहित्य का सृजन हुआ। वैष्णव भक्ति भावना का रुप प्रदेश विशेष तथा लोक-रुचि के अनुसार भक्ति-काव्य स्थिर हुआ है। कही राम-भक्ति तो कही कृष्ण-भक्ति, कही दास्य-भाव तो कही मधुरोपासना के रुप में भक्ति-काव्य मिलते है।

'प्रबन्धम्' कई दृष्टियों से भक्ति-आन्दोलन का मूल ग्रन्थ माना गया है। कारण इसमें अन्तर्गत भक्ति-तत्वों ने भक्ति साहित्य को विशेष रुप से प्रभावित किया। वह भक्ति-तत्व कुछ निम्नलिखित प्रकार के थे-

**1. भक्ति का सर्वोपरि महत्व:**

'प्रबन्धम्' में भक्ति की महत्ता सर्वत्र घोषित की गई है जो मुक्ति लाभ का एक मात्र उपाय है। भक्ति का फल भक्ति होता है। भक्ति प्राप्त होने के बाद किसी भी बात की आवश्यकता नही है। मध्ययुगीन भक्त कवियों ने भी भक्ति को सर्वाधिक प्राधान्य दिया है।

**2. नाम महिमा:**

आलवार भक्त का विश्वास है कि भगवान के नाम मन में स्मरण या ध्यान करने से वाणी और कर्म द्वारा होने वाले संमस्त पापों का खण्डन होता है तथा श्रद्धा की वृद्धि हो जाती है। मध्यकालीन भक्ति-साहित्य में भी नाम महिमा की प्रतिष्ठा हुई है जो 'प्रबन्धम्' से ही प्रभावित थे।

**3. स्तुति:**

आलवार कृत 'प्रबन्धम' के समस्त पद एक प्रकार से स्तुति-गीत ही है। भगवान के नाम, गुण, माहात्म्य, लीला, धाम यश आदि का कथन, स्तृति, उच्च स्वर से पाठ 'कीर्तन' कहाँ जाता है इस प्रकार के गीत भक्त आलौकिक आनन्द प्राप्त करता है। आलवार के स्तुति गीतों ने मध्ययुगीन भक्त कवियों को बहूत ही प्रभावित किया था।

**4. शरणागति:**

आलवार कृत 'प्रबन्धम्' के अनेक पदों में 'शरणागति तत्व' पर विशेष बल दिया है। सामान्य रुप से इस तत्त्व के अन्तर्गत उद्धार की प्रार्थना भगवान से शरण की याचना आत्म-समर्पण आदि आते है। प्राय: आलवार भक्त ने भगवान की शरण को ही एकमात्र सहारा माना है।

**5. गुरु-महिमा:**

गुरु आध्यात्मिक जीवन का पथ पदर्शक है। गुरु की सहायता के बिना परमात्मा की प्राप्ति अंसभव है। मधुर कवि आलवार की भक्ति काव्य में वर्ण-विषय ही गुरु-भक्ति है। गुरु-शिष्य जाति-भेद को न मानने वाले आलवारों के उच्च आदशो ने जनता पर



गभीर प्रभाव डाला था। मध्ययुगीन भक्ति काव्य में भी गुरु-भक्ति की आवश्यकता बताई है।

**6. सत्सगं:**

भक्ति-धर्म में एकान्त निष्ठा बनाने के लिए सत्सगं आवश्यक है। आलवार भक्तों ने सत्सगं को भगवान प्राप्ति का उपाय मानकर सदा भक्तों को सत्सगं के साथ रहने का आदेश दिया है। आलवारों के तरह हिन्दी के अष्टछाप कवियों ने भी सत्सगं-महिमा को प्राधान्य दिया है।

**7. वैराग्य:**

मनुष्य को सच्चे भक्त होने में बाधा डालने वाले अनेक पदार्थ है, जिनपर विजय प्राप्त करना ही वैराग्य है। आलवार भक्त के अनुसार बुद्धिमान मनुष्य इन बाधाओं से पहेल से ही सबका त्यागकर बैरागी हो गए थे। आलवारों के पदों में वैराग्य के अनेक साधनों में निम्नलिखित विषय निरुपण किये है -

1) पंचेन्द्रियों पर विजय
2) नारी के मोहक रुप को निन्दा
3) अर्थ निन्दा
4) शरीर की नश्वरता का बोध

मध्ययुगीन भक्त कवियों ने भी वैराग्य पर जोर दिया है तथा उन्हें भक्ति-पथ के आवश्यक साधनों के रुप में स्वीकार किया है।

**प्रबन्धम् के विशिष्ट तत्व:**

आलवार भक्त के इन सामान्य तत्व के अलावा कुछ विशिष्ट तत्व भी विद्यमान है। विष्णु के दो अवतारों में कृष्णवतार की विभिन्न लीलाओं का सजीव वर्णन प्रस्तुत किया है। 'प्रबन्धम्' एक व्यक्ति की रचना न होने के कारण उसमें कृष्ण-कथा का क्रमबद्ध रुप नहीं मिलता। लेकिन प्राय: सभी कृष्ण लीलाओं का वर्णन किशोरावस्था तथा गोपी-प्रेम तथा विरह का वर्णन प्रबन्धम् में मिल जाते है जो आगे जाकर मध्यकालीन कृष्ण-भक्ति साहित्य को प्रभावित किया था। 'प्रबन्धम्' के कृष्ण भक्तिपरक विशिष्ट तत्त्वों को निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत रखा जा सकता है-

**1. श्रीकृष्ण की विविध लीला:**

'प्रबन्धम' में कृष्ण-लीला का वर्णन क्रम-बद्ध रुप में नही है, फिर भी अनेक पदों में भगवान के वैभव का वर्णन मिलता है। कृष्ण केजन्मोत्सव का बड़े विस्तार से वर्णन प्रबन्धम् में किया है। इसके साथ नामकरण संस्कार, पुतना-बध, ऊखल-बन्धन, वंशी बजाना, कालिया दमन, चीर-हरण, गोवर्धन धारण, कंस बध, गीता उपदेश आदि

कृष्ण-लीलाओं के अलावा कुछ एसी लीलाएं भी 'प्रबन्धम्' में हैं, जो भागवत में नहीं है। कृष्णलीला वर्णन के समय अलवार भक्त उन लीलाओं में प्रत्यक्ष उपस्थित होने का आभास कराया है, जिसके कारण अनेक स्थानों में लीलाओं का सजीव वर्णन मिलता है। परवर्ती भक्त कवियों ने भी कृष्ण-लीला का इस प्रकार सजीव वर्णन किया है।

**2. श्रीकृष्ण की अलौकिक रुप-माधुरी:**

आलवार भक्तं नें कृष्ण के अलौकिक शक्ति के साथ अलौकिक सौन्दर्य के वर्णन किए है। भगवान के रुप-सौन्दर्य पर सभी आलवार मुग्ध हुए है। आलवार भक्त ने कृष्ण के दो रुपों का वर्णन किया है। पहला, कृष्ण का बाल रुप का वर्णन जहाँ कृष्ण का नख-शिख वर्णन प्रस्तुत किया है। शिशु का स्तनपान करना, चन्द्रमा बुलाना आदि प्रत्येक क्रिया-कलाप का सुक्ष्मता से वर्णन किया है। दूसरा, कृष्ण का किशोर रुप का जो गोपियों को मुग्ध करनेवाले थे। गोचारण कर बलराम तथा साथियों के साथ घर लौटनेवाले अलौकिक वर्णन कर अलवार भक्त सुधबुध खो बैठते है। मध्ययुगीन भक्त कवियों ने भी अपने काव्यों में कृष्ण का आलौकिक सुन्दर चित्र अंकित किए है।

**3. श्रीकृष्ण का भगवानरुप वर्णन:**

श्रीकृष्ण का अन्य रुपों का वर्णन करते समय आलवार भक्त ये नहीं भूले कि कृष्ण विष्णु के अवतार स्वरुप हैं। उनके अनुसार भगवान विभिन्न युगों में मनुष्य के उद्धार के लिए अवतार लेते है। उनके पदों में विष्णु के विभिन्न अवतारों की लीलाओं का वर्णन है। इन सभी अवतारों में कृष्णावतार को ज्यादा महत्व दिया। कृष्णावतार के साथ रामावतार का भी विस्तार से गायन किया है। यही विशेषता मध्यकालीन भक्त कवियों में देखने को मिलते है। महाकवि सूरदास और तुलसीदास के काव्यों में दोनों अवतारों की स्तुति की है।

**4. श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों की प्रेम भावना:**

प्रबन्धम् में गोपी-भाव की भक्ति पर अधिक बल दिया है। श्रीकृष्ण और गोपियों का पारस्परिक प्रेम कृष्ण भक्ति साहित्य का मेरुदण्ड माना जाता है। आलवार भक्त ने इस प्रेम की सुन्दर व्याख्या प्रस्तुत की है। यह अभिव्यक्ति चार प्रकार से की जाती है-

1) दास्य भाव
2) सख्य भाव
3) वात्सल्य भाव
4) माधुर्य भाव

इन सभी भावों में वात्सल्य और मधुर भाव पर 'प्रबन्धम्' में ज्यादा जोर दिया है। माँ यशोदा के माध्यम से कवियों ने वात्सल्य भाव का सुन्दर परिपाक हुआ है। आलवार भक्त के यह परम्परा परवर्ती कवियों को भी प्रभावित किया था।



आलवार भक्त ने भक्ति के क्षेत्र में नायक-नायिका के सम्बन्ध को स्वतन्त्र रुप से प्रतिष्ठापित किया था। श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के अनन्य प्रेम को चित्रित करने वाले अनेक प्रसंग 'प्रबन्धम्' में हैं।

इस प्रकार भक्ति का अलग अलग तत्त्व का कल्पना का सहारा लेकर आलवार भक्त ने अपने काव्य में सुन्दर वर्णन किया है।

**विविध क्षेत्रों में 'प्रबन्धम्' का प्रभाव:**

आलवार भक्त के रचनासग्रंह 'दिव्य प्रबन्धम' अनेक भक्ति तत्व से भरा परा है। जो परवर्ती भारतीय भक्ति आन्दोलन को प्रभावित किया है। मध्यकालीन भक्ति काल में धर्म, दर्शन, कला और साहित्य आदि सभी विषय पर 'प्रबन्धम्' का प्रभाव स्पष्ट रुप से दृष्टिगोचर होता है। आलवार भक्त ने जब पूरे तामिल प्रदेश में भक्ति का उत्पन्न किया तब उपासना के लिये अनेक वैष्णव मन्दिरों का निर्माण हुआ। दक्षिण भारत के ज्यादा मन्दिर उसी के प्रभाव है। मन्दिर निर्माण के साथ बड़े कलाकार जन्म हुआ। मन्दिरों के ऊचे-ऊचे 'गोपुरम' उसी का प्रमाण है।

मुर्तिकाल और चित्र कला के अलावा संगीत कला में भी आलवारों की देन महत्वपुर्ण है। आलवारों ने तामिल गीतों को नई-स्कूर्ति प्रदान किया तथा अनेक नये रागों और रागिनियों को सामने लाया। उत्तर भारत में भी इसी अलवार भक्तों का ही प्रभाव है जो भारतीय भक्ति आन्दोलन के साथ संगीत का भी मान बढ़ा था। इन गीतों में प्रेम और श्रद्धा की भावना के साथ हृदय-पक्ष की प्रधानता है, जिसके कारण साधारण मानवहृदय को अनायास ही आकर्षित होते थे।

भक्तिसय वातावरण को बनाए रखने के लिए परवर्ती समय में आचार्य ने वैष्णव मठ का निर्माण किया था, जो अलवार का ही अवदान माना जाता है। उन मठो में भक्ति-साहित्य के अध्ययन के कारण सदा भक्तिमय वातावरण बिराजमान रहताथा। तीर्थयात्रा करने वाले भक्तों को इन मठों से सहायता मिलते थे। इस प्रकार के वैष्णव मठों की स्थापना प्रमुख रुप से रामानुजाचार्य के समय हुई थी। इन मठ परम्परा के कारण ही भारतीय भक्ति आन्दोलन को जीवन्त रखा।

**उपसंहार:**

उपयुक्त विवेचन से हम देखते है कि अलवार कृत 'दिव्य प्रबन्धम्' काव्य ग्रन्थों के जरिये भक्ति का प्रभाव सामने आया। धर्म, दर्शन, साहित्य कला आदि सभी क्षेत्रों में दक्षिण भारत ही नहीं बल्कि उत्तर तथा पूर्वाञ्चल भारत को भी 'प्रबन्धम्' ने बहुरुपी प्रभाव डाला था। 'प्रबन्धम्' समस्त भारतीय भक्ति साहित्य भंडार का एक अमुल्य रत्न है। आलवार भक्त द्वारा प्रचारित भक्ति युग का आन्दोलन एक ऐसा आन्दोलन है, जो

सभी आन्दोलनों से कही अधिक व्यापक और विशाल है, कारण इसका प्रभाव आज भी वर्तमान है।

**सहायक ग्रन्थसुची:**

1) हिन्दी साहित्य: युग और प्रवृत्तियाँ - डॉ शिव कुमार शर्मा
2) वैष्णव भक्ति आन्दोलन का अध्ययन - डॉ मलिक मोहम्मद
3) मणिकाञ्चन मासिक पत्रिका
4) चिन्तामणि मासिक पत्रिका
5) असमीया साहित्यर संक्षिप्त इतिहास - सनेन्द्र नाथ शर्मा



# Bhasha-Sahitya Vaibhav

# ভাষা-সাহিত্য বৈভৱ

ISBN : 978-93-88593-22-9

9 789388 593229

Purbayon Publication
Guwahati | Assam | India
purbayonindia21@gmail.com
purbayonpublication.com
www.purbayonpublication.com

Cover : Koushik Kishalay